


# PRABHAT KHABAR – GUWAHATI – 23.11.2022

## कैंसर के बच्चों की देखभाल में सेंट जूड्स की महत्वपूर्ण भूमिका



**गुवाहाटी, 22 नवंबर (ख. सं.)।** सेंट जूड इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर्स (सेंट जूड्स) कैंसर का इलाज करा रहे बच्चों के लिए उम्मीद की एक किरण के रूप में उभरकर सामने आया है। संस्था बी. बरुवा कैंसर संस्थान में इलाज करा रहे बच्चों की देखभाल में अहम भूमिका निभा रही है। यहां संस्था के दो केंद्र हैं, जिसमें 12-12 परिवार निःशुल्क रहते हैं। संस्था के चेयरपर्सन गार्गी मसरूवाला और गुवाहाटी टीम के लीडर विशाल जैन ने कहा कि कैंसर पूर्वोत्तर की बड़ी समस्याओं में एक है। गुवाहाटी में इलाज के लिए कैंसर पीड़ित बच्चों की मदद के लिए सेंट जूड्स हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाती रही है। संस्था का गुवाहाटी के अलावा मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद जैसे कई शहरों में कुल 40 केंद्र हैं, जहां 500 से अधिक बच्चों की देखभाल की जा रही है।